तुरन्त		पूर्व मध्य रेल	प्रेस प्रकाशनी
Immediate		East Central Railway	Press Release

श्री नीतीश कुमार, माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पटना स्थित गंगा नदी पर निर्माणाधीन रेल–सह–सड़क पुल का निरीक्षण

हाजीपुर : 11.10.2013

आज दिनांक 11 अक्टूबर, 2013 को श्री नीतीश कुमार, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा दीघा से दीदारगंज के बीच बनने वाले 21.5 किमी लम्बे जयप्रकाश नारायण गंगा पथ परियोजना का कार्यारम्भ किया गया । इस अवसर पर राज्य सरकार के उच्चाधिकारियों के साथ–साथ पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री मधुरेश कुमार भी उपस्थित थे ।

इसके उपरांत श्री नीतीश कुमार, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार एवं पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री मधुरेश कुमार तथा अन्य उच्चाधिकारियों के साथ पटना (दीघा) स्थित गंगा नदी पर निर्माणाधीन रेल–सह–सड़क पुल का स्टीमर द्वारा निरीक्षण किया गया । माननीय मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान इस पुल के दोनों छोरों से किये जा रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुये कार्य प्रगति की समीक्षा की । माननीय मुख्यमंत्री को श्री मधुरेश कुमार ने इस निर्माणाधीन रेल सह सड़क पुल के निर्माण से संबंधित स्केच, कार्ययोजना एवं कार्य प्रगति के बारे में विस्तार से अवगत कराया । उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री को बताया कि इस रेल–सह–सड़क पुल के स्पैनों का निर्माण कार्य कैंटिलिवर पद्धति द्वारा किया जा रहा है जिसमें बाढ़ और पानी के तेज बहाव के बावजूद निर्माण कार्य में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं होगा ।

इस रेल–सह–सड़क पुल के कुल 36 स्पैनों में से अब तक दक्षिण छोर से 13 स्पैन तथा उत्तरी छोर से 10 स्पैन का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है । वर्तमान में प्रत्येक छोर से एक–एक स्पैन को पूरा करने में लगभग 53 दिनों का समय लिया जा रहा है । महाप्रबंधक महोदय ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि इस पूल का निर्माण मार्च, 2015 तक पूरा कर लिया जायेगा ।

श्री नीतीश कुमार, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार ने इस पुल के निर्माण कार्य की पद्धति एवं कार्य प्रगति पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की । इसके साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि पटना एवं मुंगेर में बन रहे रेल–सह–सड़क पुल के निर्माण में किसी प्रकार के वित्तीय कमी को राज्य सरकार पूरा करेगी । इसके साथ ही उन्होंने

राज्य सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस पुल के एप्रोच के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण में आने वाले बाधाओं को जल्द से जल्द दूर किया जाये ।

इस निरीक्षण के दौरान माननीय मुख्यमंत्री के साथ पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पटना के जिलाधिकारी डा. एन. श्रवण कुमार के साथ साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (दक्षिण) श्री एल.एम.झा सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे ।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी